**निदेशक, भू–अर्जन, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की अध्यक्षता में दिनांक–03.06.2025 को 11.00 बजे पूर्वा0 में भू–अर्जन से संबंधित चल रही विभिन्न केन्द्रीय/राजकीय परियोजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही :–**

---

उपस्थितिः– यथा उपस्थिति पंजी।

**निदेशक, भू–अर्जन, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की अध्यक्षता में दिनांक–03.06.2025 को हुई बैठक में एम0आई0एस0 पोर्टल, सरकारी भूमि का दाखिल–खारिज एवं भू–अर्जन की चल रही महत्वपूर्ण परियोजनाओं में सामाजिक प्रभाव आकलन (SIA) कार्य की समीक्षा की गयी, जो निम्नवत् हैः–**

**सामाजिक प्रभाव आकलन (SIA) कार्य हेतु नामित संस्थानों द्वारा भू–अर्जन संबंधित परियोजनाओं की स्थिति परियोजनावार निम्नवत है :–**

**(क) अररिया जिला में परियोजनाओं से संबंधित सामाजिक प्रभाव आकलन (SIA) कार्य की स्थिति निम्नवत है :–**

- **एन0एच0–57 से अनुमंडल व्यवहार न्यायालय, फारबिसगंज तक पहुँच पथ निर्माण** परियोजना हेतु एस0आई0ए0 कार्य के लिए एन0एन0सिन्हा समाज अध्ययन संस्थान, पटना को भुगतान कर दिया गया है। समन्वय करते हुए गति देना सुनिश्चित किया जाय।
- **अररिया जिलान्तर्गत फारबीसगंज बथनाहा स्टेशन के बीच कटिहार–जोगबनी रेल खण्ड पर रेलवे समपार सं0–एल0सी0 नं0–के0जे0–65 के बदले ऊपरी पुल निर्माण परियोजना** हेतु एस0आई0ए0 कार्य के लिए एन0एन0सिन्हा समाज अध्ययन संस्थान, पटना को भुगतान कर दिया गया है। समन्वय करते हुए गति देना सुनिश्चित किया जाय।

**(ख) सीतामढ़ी जिला में परियोजनाओं से संबंधित सामाजिक प्रभाव आकलन (SIA) कार्य की स्थिति निम्नवत है :–**

- **बेलसंड अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय परियोजना** अंतर्गत जिला भू–अर्जन कार्यालय, सीतामढ़ी द्वारा दिनांक–06.06.2025 को जनसुनवाई की तिथि निर्धारित की गयी है, समन्वय करते हुए गति देना सुनिश्चित किया जाय।

**(ग) सुपौल जिला में परियोजनाओं से संबंधित सामाजिक प्रभाव आकलन (SIA) कार्य की स्थिति निम्नवत है :–**

- **वीरपुर हवाई अड्डा का विकास परियोजना** अंतर्गत एस0आई0ए0 कार्य हेतु अनुग्रह नारायण सिंह समाज अध्ययन संस्थान, पटना को भुगतान कर दिया गया है। जिला भू–अर्जन कार्यालय, सुपौल को एस0आई0ए0 संस्थान से प्रथम ड्राफ्ट रिपोर्ट अप्राप्त है। समन्वय करते हुए कार्य को गति देंगे।
- **सुपौल जिलान्तर्गत कर्णपुर–राजनपुर पथ के सुखपुर से तिल्हेश्वर मंदिर तक पथ चौड़ीकरण एवं मजबूती करण निर्माण परियोजना** हेतु एस0आई0ए0 कार्य के लिए अनुग्रह नारायण सिंह समाज अध्ययन संस्थान, पटना को भुगतान कर दिया गया है। समन्वय करते हुए गति देना सुनिश्चित किया जाय।

**(घ) पटना जिला में परियोजनाओं से संबंधित सामाजिक प्रभाव आकलन (SIA) कार्य की स्थिति निम्नवत है :–**

- **खगौल नौबतपुर पथ पर उच्च स्तरीय आर0सी0सी0 पुल निर्माण** परियोजना हेतु एस0आई0ए0 कार्य के लिए अनुग्रह नारायण सिंह समाज अध्ययन संस्थान, पटना को भुगतान करने का निदेश दिया गया। समन्वय करते हुए गति देना सुनिश्चित किया जाय।
- **पालीगंज प्रखण्ड अन्तर्गत समदाह एवं गुलडीया गाँव नदी के बीच पुनपुन**

चन्द्रगुप्त प्रबंध संस्थान, पटना को भुगतान करने का निदेश दिया गया। ताकि परियोजना कार्य को गति देना सुनिश्चित किया जा सके।

- **आई0ओ0सी0एल0–2** हेतु एस0आई0ए0 कार्य के लिए अनुग्रह नारायण सिंह समाज अध्ययन संस्थान, पटना को भुगतान करने का निदेश दिया गया। भुगतान के पश्चात एस0आई0ए0 कार्य प्रारंभ कर दी जाएगी। समन्वय करते हुए परियोजना कार्य को गति देना सुनिश्चित किया जाय।

**(ङ) वैशाली जिला में परियोजनाओं से संबंधित सामाजिक प्रभाव आकलन (SIA) कार्य की स्थिति निम्नवत है :–**

- **नवसृजित देसरी प्रखण्ड–सह–अंचल कार्यालय एवं आवासीय भवन निर्माण परियेजना के** अंतर्गत एस0आई0ए0 कार्य के लिए अनुग्रह नारायण सिंह समाज अध्ययन संस्थान, पटना को भुगतान करने का निदेश दिया गया। भुगतान के पश्चात एस0आई0ए0 कार्य प्रारंभ कर दी जाएगी। समन्वय करते हुए परियोजना कार्य को गति देना सुनिश्चित किया जाय।
- **वैशाली जिलान्तर्गत औद्योगिक पार्क निर्माण परियेजना के** अंतर्गत एस0आई0ए0 कार्य के लिए अनुग्रह नारायण सिंह समाज अध्ययन संस्थान, पटना को भुगतान कर दिया गया है। समन्वय करते हुए परियोजना कार्य को गति देना सुनिश्चित किया जाय।

**(च) सहरसा जिला में परियोजनाओं से संबंधित सामाजिक प्रभाव आकलन (SIA) कार्य की स्थिति निम्नवत है :–**

- **खजुरदेवा चौक से डेंगराही घाट के बीच कोशी नदी पर उच्च स्तरीय आर0सी0सी0 पुल एवं पहुँच पथ निर्माण परियोजना अन्तर्गत** एस0आई0ए0 कार्य लंबित है। समन्वय करते हुए परियोजना कार्य को गति देना सुनिश्चित किया जाय।

**(छ) किशनगंज जिला में परियोजनाओं से संबंधित सामाजिक प्रभाव आकलन (SIA) कार्य की स्थिति निम्नवत है :–**

- **महानन्दा नदी पर किशनगंज–ठाकुरगंज–गलगलिया पथ के 42वें कि0मी0 में एच0एल0आर0सी0सी0 पुल निर्माण परियोजना अन्तर्गत** एस0आई0ए0 कार्य लंबित है। समन्वय करते हुए परियोजना कार्य को गति देना सुनिश्चित किया जाय।

**(ज) बेगूसराय जिला में परियोजनाओं से संबंधित सामाजिक प्रभाव आकलन (SIA) कार्य की स्थिति निम्नवत है :–**

- **बेगूसराय जिलान्तर्गत मुंगेर घाट–रसीदपुर पथ के बरौनी रेलवे स्टेशन से तेघरा स्टेशन के बीच एल0सी0 नं0–09 एस0पी0एल0 पर आर0ओ0बी0 निर्माण कार्य परियोजना** अन्तर्गत फाईनल ड्राफ्ट रिपोर्ट जिला भू–अर्जन कार्यलय, बेगूसराय को प्राप्त नहीं है। समन्वय करते हुए फाईनल ड्राफ्ट रिपोर्ट प्राप्त करने का निदेश दिया गया।
- **खगड़िया शहर सुरक्षा तटबंध (मौजा–बगरस थान सिंह) परियोजना** अन्तर्गत फाईनल ड्राफ्ट रिपोर्ट जिला भू–अर्जन कार्यलय, बेगूसराय को प्राप्त नहीं है। समन्वय करते हुए फाईनल ड्राफ्ट रिपोर्ट प्राप्त करने का निदेश दिया गया।

**(झ) जमुई जिला में परियोजनाओं से संबंधित सामाजिक प्रभाव आकलन (SIA) कार्य की स्थिति निम्नवत है :–**

- **चौमासा बहियार से सोनबरखा बहियार तक सिंचाई चैनल** निर्माण परियोजना अन्तर्गत एस0आई0ए0 कार्य हेतु 50 प्रतिशत राशि भुगतान कर दी गयी है। समन्वय करते हुए गति देने सुनिश्चित किया जाय।

(ञ) **औरंगाबद जिला में परियोजनाओं से संबंधित सामाजिक प्रभाव आकलन (SIA) कार्य की स्थिति निम्नवत है :—**

- **रफीगंज के लिए बाईपास निर्माण** परियोजना अन्तर्गत अन्तर्गत एस0आई0ए0 कार्य हेतु 50 प्रतिशत राशि भुगतान कर दी गयी है। परियोजना संबंधित एस0आई0ए0 कार्य कर दी गयी है। पूर्ण भुगतान के पश्चात फाईनल ड्राफ्ट रिपोर्ट जिला भू–अर्जन कार्यालय, औरंगाबाद को सौंप दी जायेगी।
- **देव मंदिर के समीप सूर्य कुण्ड एवं रूद्र कुण्ड परिसर से एस0एच0–101 तक ग्रीन फिल्ड संपर्क पथ निर्माण** परियोजना अन्तर्गत अन्तर्गत एस0आई0ए0 कार्य हेतु 50 प्रतिशत राशि भुगतान कर दी गयी है। एस0आई0ए0 कार्य प्रारंभ कर दी गयी है। समन्वय करते हुए परियोजना कार्य को गति देने का निदेश दिया गया।

(ट) **खगड़िया जिला में परियोजनाओं से संबंधित सामाजिक प्रभाव आकलन (SIA) कार्य की स्थिति निम्नवत है :—**

- **अलौली प्रखण्ड में बागमती नदी पर आर0सी0सी0 पुल निर्माण** परियोजना अन्तर्गत तकनीकी समस्याओं के कारण परियोजना कार्य में बाधा उत्पन्न है। समन्वय करते हुए बाधा दूर करने का निदेश दिया गया।

(ठ) **गोपालगंज जिला में परियोजनाओं से संबंधित सामाजिक प्रभाव आकलन (SIA) कार्य की स्थिति निम्नवत है :—**

- **महुआ टोला भोखर भिंडा से नोनिया टोला पथ निर्माण परियोजना** अन्तर्गत सामाजिक प्रभाव आकलन कार्य हेतु अनुग्रह नारायण सिन्हा, पटना को चयनित किया गया है। 50 प्रतिशत राशि भुगतान कर दी गयी है। संस्थान द्वारा परियोजना संबंधित एस0आई0ए0 कार्य प्रारंभ कर दी गयी है। समन्वय करते हुए परियोजना कार्य को गति देने का निदेश दिया गया।

(ड) **दरभंगा जिला में परियोजनाओं से संबंधित सामाजिक प्रभाव आकलन (SIA) कार्य की स्थिति निम्नवत है :—**

- **दरभंगा हवाई अड्डा निर्माण परियोजना** अन्तर्गत सामाजिक प्रभाव आकलन कार्य हेतु चन्द्रगुप्त प्रबंधन संस्थान, पटना द्वारा एस0आई0ए0 कार्य पूर्ण कर फाईनल ड्राफ्ट रिपोर्ट दिनांक–24.02.2025 को जिला भू–अर्जन कार्याल, दरभंगा को सौंप दी गयी है। शुल्क राशि का 50 प्रतिशत राशि भुगतान कर दी गयी है। समन्वय करते हुए शेष राशि के भुगतान का निदेश दिया गया।

(ढ) **भोजपुर जिला में परियोजनाओं से संबंधित सामाजिक प्रभाव आकलन (SIA) कार्य की स्थिति निम्नवत है :—**

- **पीरो अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय भवन एवं न्यायिक आवास निर्माण परियोजना** अन्तर्गत एस0आई0ए0 कार्य हेतु 50 प्रतिशत राशि भुगतान कर दी गयी है। परियोजना संबंधित फाईनल ड्राफ्ट रिपोर्ट की मांग जिला भू–अर्जन कार्यालय, भोजपुर द्वारा कर दी गई है। समन्वय करते हुए परियोजना कार्य को गति देने का निदेश दिया गया।

(त) **भागलपुर जिला में परियोजनाओं से संबंधित सामाजिक प्रभाव आकलन (SIA) कार्य की स्थिति निम्नवत है :—**

- **भागलपुर जलापूर्ति योजना फेज–2 परियोजना** अन्तर्गत फाईनल ड्राफ्ट रिपोर्ट की मांग जिला भू–अर्जन कार्यालय, भागलपुर द्वारा कर दी गई है। समन्वय करते हुए परियोजना कार्य को गति देने का निदेश दिया गया।

(थ) **जहानाबाद जिला में परियोजनाओं से संबंधित सामाजिक प्रभाव आकलन (SIA) कार्य की स्थिति निम्नवत है :—**

- **रतनी–फरीदपुर अंचल अंतर्गत PMGSY-L146 शाहपुर कुंडिला रोड से कन्सुआ रामसे विगहा निर्माण परियोजना** अन्तर्गत एस0आई0ए0 कार्य हेतु विषेशज्ञ समूह का समिति गठित करने हेतु अधियाची विभाग को पत्र दिया गया है। समन्वय करते हुए परियोजना कार्य को गति देने का निदेश दिया गया।
- **MMGSY अंतर्गत सईसताबाद से पछैती पथ परियोना** अंतर्गत सामाजिक प्रभाव आकलन (SIA) कार्य के लिए राशि की मांग अधियाची विभाग से की गयी है। समन्वय करते हुए परियोजना कार्य को गति देने का निदेश दिया गया।
- **चंधरिया हबलीपुर चेरूई धामापुर धोषी पथ** निर्माण परियोजना अंतर्गत सामाजिक प्रभाव आकलन (SIA) कार्य के लिए विशेषज्ञ समूह का समिति गठित करने हेतु अधियाची विभाग को पत्र दिया गया है। समन्वय करते हुए परियोजना कार्य को गति देने का निदेश दिया गया।

**(द) बक्सर जिला में परियोजनाओं से संबंधित सामाजिक प्रभाव आकलन (SIA) कार्य की स्थिति निम्नवत है :–**

- **टी0–02 से दलीपुर पथ परियोजना** अन्तर्गत तकनीकी समस्याओं के कारण परियोजना कार्य में बाधा उत्पन्न है। समन्वय करते हुए बाधा दूर करने का निदेश दिया गया।
- **टी0–02 से दलीलपुर संपर्क पथ जेनरल निर्माण परियोजना** अंतर्गत सामाजिक प्रभाव आकलन (SIA) कार्य के लिए राशि की मांग अधियाची विभाग से की गयी है। अधियाची विभाग से समन्वय करते हुए परियोजना कार्य को गति देने का निदेश दिया गया।

**भू–अर्जन की दैनिक कार्यो की प्रगति की समीक्षा निम्नवत् है:–**

1. ACP/MACP:– जिन कर्मियों को ए0सी0पी0/एम0ए0सी0पी0 दिया जा चुका है, उन कर्मियों को बकाया अंतर वेतन राशि की गणना करके भुगतान इसी वित्तीय वर्ष में की जाय।
2. **सरकारी भूमि का दाखिल–खारिज:–** निदेशक, भू–अर्जन, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा निदेश दिया गया कि भू–अर्जन की विभिन्न परियोजनाओं के लिए पूर्व में अधिग्रहित भूमि का दाखिल–खारिज अभियान चलाकर शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण किया जाय।
3. **एम0आई0एस0 पोर्टल:–** दिनांक–16.05.2025 को हुई V.C. में अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा निदेश दिया गया था कि भू–अर्जन की पूर्व से चली आ रही विभिन्न परियोजनाओं संबंधी विवरणी 31 मई, 2025 तक अभियान चला कर पूर्ण करने का निदेश दिया गया था। निदेशक, भू–अर्जन की अध्यक्षता में दिनांक– 03.06.2025 को हुई V.C. में समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि एम0आई0एस0 पोर्टल पर परियोजनाओं की ईन्ट्री निदेशानुसार नहीं की गई है। सभी जिला भू–अर्जन पदाधिकारी को यह निदेशित किया गया कि अभियान चलाकर यथाशीघ्र एम0आई0एस0 पोर्टल पर परियोजनाओं की ईन्ट्री कराना सुनिश्चित किया जाय।

अंत में सधन्यवाद बैठक समाप्त की गई।

19/6/25

(कमलेश कुमार सिंह),
निदेशक,
भू–अर्जन, बिहार।

ज्ञापांकः–14/डी0एल0ए0/मासिक समीक्षात्मक बैठक–01/2024–964/ दिनांक–20.06.25

**प्रतिलिपि** :– सभी समाहर्त्ता/जिला भू–अर्जन पदाधिकारी/सक्षम प्राधिकार भूमि अर्जन (CALA), बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

19/6/25

**निदेशक,**
**भू–अर्जन, बिहार।**

ज्ञापांकः–964/ दिनांक–20.06.25

**प्रतिलिपि** :– अपर मुख्य सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

19/6/25

**निदेशक,**
**भू–अर्जन, बिहार।**

ज्ञापांकः–964/ दिनांक–20.06.25

**प्रतिलिपि** :– अपर मुख्य सचिव/सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

19/6/25

**निदेशक,**
**भू–अर्जन, बिहार।**

ज्ञापांकः–964/ दिनांक–20.06.25

**प्रतिलिपि** :– आई0टी0 मैनेजर, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को ई–मेल करने हेतु प्रेषित।

19/6/25

**निदेशक,**
**भू–अर्जन, बिहार।**